खगड़िया जिलान्तर्गत खगड़िया में 50 शैय्या वाले पर्यवेक्षण गृह, प्राचार्य के लिए आवास, स्टाफ आवास एवं गार्ड के लिए कमरा का निर्माण कार्य हेतु दिनांक 21.03.2018 को प्राप्त ई0-निविदा का तकनीकी बीड निस्तार के लिए दिनांक 15.06.2018 को निगम निविदा समिति की आहूत बैठक की कार्यवाही:-

---

उपस्थिति:-

1. श्री साकेत कुमार, प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। अध्यक्ष
2. श्री लक्ष्मी नारायण दास, अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। सदस्य
3. श्री रवि शंकर चौधरी, संयुक्त सचिव-सह-आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। सदस्य
4. श्री राम सागर प्रसाद, मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। सदस्य
5. श्री रंजित प्र0 सिंह, महाप्रबंधक (दक्षिण), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। सदस्य
6. श्री तपेश्वर प्र0 साह, महाप्रबंधक (वित्त), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। सदस्य

कार्यवाही:-

1.योजना का नाम:- खगड़िया जिलान्तर्गत खगड़िया में 50 शैय्या वाले पर्यवेक्षण गृह, प्राचार्य के लिए आवास, स्टाफ आवास एवं गार्ड के लिए कमरा का निर्माण कार्य।

2.प्रशासनिक स्वीकृति की राशि:- ₹5,99,89,440/-

3.तकनीकी स्वीकृति की राशि(विद्युत कार्य सहित):- ₹4,98,04,000/-

4.परिमाण विपत्र की राशि(विद्युत कार्य सहित):- ₹2,50,26,373/-

5.निविदा प्राप्त करने की तिथि:- 21.03.2018

6.निविदा खोलने की तिथि:- 23.03.2018

7.निविदा प्रसारण का माध्यम:- ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र

8.निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम:- दैनिक जागरण/प्रभात खबर दिनांक 25.02.18

9.प्रकाशन का पी0आर0 संख्या:- 14275(नि0नि0)2017-18

10.निविदा में भाग लेनेवाले निविदादाता का नाम एवं पता:-

(i) मेसर्स आर0 के0 कंस्ट्रक्शन, महम्मदपुर, बेगुसराय।

(ii) मेसर्स राजा इन्टरप्राइजेज एण्ड कंपनी, ग्रा0+पो0-बभनगामा, जिला-बेगुसराय

11. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा:-

प्रथमवार आमंत्रित निविदा की स्थिति:- इस कार्य हेतु पूर्व में दिनांक 11.02.2015 को निविदा प्राप्त की गई थी, जिसका प्रकाशन दैनिक समाचार-पत्र में हुआ था। जिसका पी0आर0 संख्या-11596 नि0नि0-2013-2014 है, जिसमें एकमात्र निविदादाता मे0 आर0 के0 कंस्ट्रक्शन बेगूसराय को तकनीकी/वित्तीय बीड के आधार पर मुख्य महाप्रबंधक के पत्रांक 769(अनु0) दिनांक 24.02.2015 द्वारा कार्यादेश निर्गत किया गया था। जिसके आलोक में मे0 आर0 के0 कंस्ट्रक्शन बेगूसराय द्वारा एकरारनामा सं0-01SBD/2015-16 दिनांक 02.05.2015 को किया गया, जिसकी कार्यावधि 12 माह थी। परन्तु कार्यावधि समाप्त होने के उपरांत भी उपयुक्त आकार का स्थल उपलब्ध नही होने, एक मंजिला भवन के स्थान पर दो मंजिला भवन का नक्शा अनुमोदित होने तथा अनुसूचित दर में बढ़ोत्तरी होने के कारण दिनांक 20.01.2018 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में निगम निविदा समिति का दिनांक 25.01.2018 को आहूत बैठक में उक्त एकरारनामा को रद्द कर पुनर्निविदा के निर्णय के आलोक में दिनांक 21.03.2018 को ई-निविदा प्राप्त की गई।

द्वितीयवार आमंत्रित निविदा (वर्त्तमान):- इस निविदा में दो निविदादाताओं द्वारा भाग लिया है। दोनो निविदादाताओं द्वारा अपलोड किए गए कागजातों को उप-महाप्रबंधक, पी0आई0यू0, मुंगेर द्वारा डाउनलोड कर समर्पित किया गया जिसका तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया, जो इस प्रकार है:-

प्रथम निविदादाता मेसर्स आर0 के0 कंस्ट्रक्शन, महम्मदपुर, बेगुसराय के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोपरांत इन्हें एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं के तहत रिस्पॉन्सिव पाया गया एवं इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित करने की अनुशंसा की गई है।

द्वितीय निविदादाता मेसर्स राजा इन्टरप्राइजेज एण्ड कंपनी, ग्रा0+पो0-बभनगामा, जिला-बेगुसराय के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोपरांत पाया गया कि एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5(A)(c) के तहत आवश्यक विद्युतीकरण कार्य, जलापूर्ति एवं स्वच्छता अधिष्ठापन कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न नही किया है तथा कंडिका-4.2 के अंतर्गत निविदा की राशि का 25% का निवेश का प्रमाण-पत्र के लिये समर्पित शपथ पत्र निविदा प्रकाशन के पूर्व की तिथि का है। अत: एस0बी0डी0 की उक्त कंडिकाओं के तहत इन्हें नॉन रिस्पॉन्सिव पाया गया एवं तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा की गई है।

प्रथमवार एवं द्वितीयवार आमंत्रित निविदा का योजना का स्वरुप (Scope of work) भिन्न-भिन्न होने के कारण समिति द्वारा सर्वसम्मति से इस निविदा को प्रथमवार निविदा मानते हुए वित्त विभाग की अधिसूचना सं0-7806/वि0, दिनांक 30.09.2016 के आलोक में इस निविदा को रद्द कर पूनर्निविदा करने की अनुशंसा की गई है।

12. निगम निविदा समिति का निर्णय:-

उपरोक्त तथ्यों पर सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की दिनांक 02.06.2018 की अनुशंसा (संलग्न) के आलोक में इस निविदा के एकमात्र निविदादाता मेसर्स आर0 के0 कंस्ट्रक्शन, महम्मदपुर, बेगुसराय को तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है। चूँकि यह निविदा वित्त विभाग के अधिसूचना सं0 7806, दिनांक 30.09.2016 निर्गत किये जाने के बाद प्रथमवार आमंत्रित निविदा है, अतएव वित्त विभाग की उक्त अधिसूचना के आलोक में इस निविदा में एकमात्र निविदादाता के सफल रहने के कारण इस निविदा को रद्द करते हुए पुनर्निविदा करने का निर्णय समिति द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया। साथ ही समिति द्वारा यह निर्णय भी लिया गया कि दिनांक 22.06.2018 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो मुख्य महाप्रबंधक पुन: तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुन: विचार/अंतिम निर्णय हेतु अगली निगम निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में मुख्य महाप्रबंधक पुर्ननिविदा की कार्रवाई करेंगे।

13. निगम निविदा समिति की इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर डाली जाय।

15.6.18
(रंजित प्र0 सिह)
महाप्रबंधक (दक्षिण)
बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।

15.06.18
(तपेश्वर प्र0 साह)
महाप्रबंधक (वित्त)
बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।

(राम सागर प्रसाद)
मुख्य महाप्रबंधक
बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।

15/6/2018
(रवि शंकर चौधरी)
संयुक्त सचिव-सह-आ0 वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना।

15/6/18
(लक्ष्मी नारायण दास)
अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना।

15/6/18
(साकेत कुमार)
प्रबंध निदेशक
बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।